## संक्षेप

### पेड़ काटने पर बाग मालिक और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिना अनुमति एक दर्जन से अधिक आम के पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है।वन दरोगा आशीष कुमार ने इस मामले में बाग मालिक चंद्रराम और ठेकेदार अजय के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया है।वन दरोगा ने अपनी तहरीर में बताया कि 20 जुलाई रविवार की शाम को उन्हें बिना अनुमति पेड़ काटने की सूचना मिली थी।जब वे मौके पर पहुंचे तो पाया कि एक दर्जन से अधिक आम के पेड़ काट दिए गए थे।जांच में पता चला कि मलिहाबाद के पडरा गांव निवासी बाग मालिक चंद्रराम और अल्लूपुर गांव निवासी ठेकेदार अजय ने बिना किसी आधिकारिक अनुमति के इन पेड़ों को काटा था। पुलिस ने वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### किया कार शोरूम से सोनेट डेमो कार पिछले 5 माह से लापता,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर स्थित किया कार शोरूम से एक सोनेट डेमो कार पिछले 5 माह से लापता है।इस मामले में शोरूम के मैनेजर ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।राजधानी के गुडंबा थाना अंतर्गत बगिया गुडंबा निवासी मोहम्मद आरिफ सरोजनी नगर में चुंगी चौराहा स्थित बीमा अस्पताल के पास स्काई डेक किया कार शोरूम के मैनेजर हैं। मोहम्मद आरिफ का कहना है कि कंपनी की एक सफेद सोनेट डेमो कार ( यूपी 32 एलआर 9198 ) बीती 27 फरवरी से लापता है।कार की आखिरी लोकेशन उनके स्कूटर इंडिया स्थित वर्कशॉप में प्राप्त हुई थी।लेकिन इसके बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।फिलहाल मैनेजर मोहम्मद आरिफ की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे कार गायब करने वाले का सुराग लगाने में जुट गई है।

# एटीएस चीफ बन सेवानिवृत्त बैंक कैशियर को आठ दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, 27.45 लाख ठगे

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। आपके मोबाइल फोन से भारतीय सैनिकों के गुप्त दस्तावेज पाकिस्तान भेजे गए हैं। आप के मोबाइल फोन से आतंकी गतिविधियां की जाती हैं। यह धमकी देते हुए साइबर जालसाजों ने सेवानिवृत्त बैंक कैशियर से दो बार में 27.45 लाख रुपये ठग लिए। किसी को न बताने की धमकी देते हुए आठ दिन डिजिटल अरेस्ट रखा। व्हाट्सएप काल और मैसेज के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर भी रखते थे। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने गोमती नगर के साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विकास नगर निवासी नरेंद्र कुमार मिश्रा इंडियन ओवरसीज बैंक के कैशियर पद से सेवानिवृत्त हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि 28 जून की दोपहर उनके पास एक नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को जम्मू कश्मीर के एंटी टेररिस्ट स्कवाड (एटीएस) आफिस से बताया। आगे उसने कहा कि आपके मोबाइल फोन से भारतीय सैनिकों के गुप्त दस्तावेज पाकिस्तान भेजे गए हैं। आप के मोबाइल फोन से आतंकी गतिविधियां की जाती हैं। यह सुनकर नरेंद्र दहशत में आ गए। कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर एक वीडियो काल आई जिसमें पुलिस की वर्दी पहने एक शख्स नजर आया और उसने खुद को एटीएस चीफ बताया। इसके बाद उसने कहा कि आप जो भी कार्य करेंगे हमे बताकर करेंगे और आपके ऊपर निगरानी रखी जाएगी। उसने पुलिस और किसी अन्य से बताने पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कराने की बात भी कही। इसके बाद एक जुलाई और चार जुलाई को दो बार में उनके खाते से हरियाणा के जुई रोड बदरा स्थित दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट और मुंबई के रमेश चंद्र नाम के दो खातों में कुल 27.45 लाख रुपये आरटीजीएस करवा लिए। नरेंद्र ने बताया कि आरोपित व्हाट्सएप काल और मैसेज के माध्यम से उनके ऊपर नजर रखते थे। वह बैंक जाते तो वहां भी जालसाज उन्हें किसी से बात नहीं करने देते थे। जालसाजों ने 28 जून से चार जुलाई तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि कई लेयर में पैसा ट्रांसफर हुआ है। यूआरएल के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है। जालसाजों को ट्रेस करने के प्रयास जारी हैं। आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर 8.70 लाख की ठगीः पेपर मिल कालोनी निवासी विनय सिंह से जालसाजों ने आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर 8.70 लाख रुपये ठग लिए। विनय के मुताबिक 20 जुलाई को उनके फोन पर आधार कार्ड अपडेट करने के लिए एक नंबर से फोन आया। इसके बाद उनके व्हाट्सअप पर एक एपीके फाइल आई। इसे डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद करीब पांच बार में उनके खाते से 8.70 लाख रुपये निकल गए। उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराते हुए साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर ने बताया लेनदेन का विवरण एकत्र किया जा रहा है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बंथरा में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।बंथरा के ऐन गांव निवासी महिला रेखा देवी ने गांव में ही रहने वाले परमेश्वर दीन, हरी प्रसाद, धनपति, राम औतार और अनिल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उक्त आरोपी बेवजह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। उसने आरोप लगाया कि 25 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे पीड़िता रेखा, कुसुम और रूबी अपने घर पर बैठी थी। तभी आरोपी वहां पहुंचे और लाठी डंडों से मारने लगे। जब घर वालों को मालूम हुआ तो आरोपी गाली देते हुए वहां से भाग निकले। जाते-जाते जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। पीड़िता का कहना है 20 जुलाई को अंकुश अस्पताल में भर्ती था, 24 को जब वह घर पर आया तब भी आरोपियों ने सभी को मारा पीटा था। उधर दूसरे पक्ष की महिला ममता देवी ने रेखा देवी, गया प्रसाद, अरुण कुमार, सुषमा देवी और अजीत कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि रेखा, गया प्रसाद और अरुण ने उसके पति परमेश्वर को अनूप की दुकान पर लाठी डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं जेठानी सुषमा, उसके पति चंद्रभान और उसके बेटे अजीत कुमार ने भी उसे मारा। यही नहीं परिवार की मूला देवी, किरण और काजल को भी इन लोगों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। फिलहाल बंथरा पुलिस ने दोनों ओर से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर दोनों पक्षों बीच यह घटना हुई।

## शादी का झांसा देकर 5 साल से युवती से दुष्कर्म करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर की एक युवती ने बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर 5 साल से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसने इसकी लिखित तहरीर शनिवार को सरोजनी नगर थाने में दी। पीड़ित युवती का कहना है कि करीब 5 वर्ष पहले उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई। तब से वह उसके साथ रिलेशन में है। आरोप लगाया कि आरोपी लगातार उससे यह कहकर शारीरिक संबंध बनाता रहा कि जब वह बालिक हो जाएगी तो उससे शादी कर लेगा। लेकिन पीड़िता का कहना है कि जब वह बालिग हो गई और उसने आरोपी युवक पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे अनुसूचित जाति की होने की बात कह कर शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने उसकी बात दोहराई कि तुमने बालिक होने पर शादी करने की बात कही थी तो आरोपी भड़क गया और उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि इसके बावजूद उसने आरोपी से कहा कि मेरे साथ ऐसा ना करो तो आरोपी ने उसके बाल पकड़ कर धक्का दे दिया। फिलहाल पीड़िता ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा है कि उसके पिता की काफी पहले ही मौत हो चुकी है और परिवार में सिर्फ उसकी मां है। ऐसे में अगर पीड़िता को कुछ हो गया तो उसकी मां का कौन ख्याल रखेगा। उधर सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक ने इस मामले में बताया कि दोनों पक्षों को बुलाया गया था और दोनों ने आपस में समझौता कर दो-तीन दिन के भीतर कोर्ट में शादी करने की बात कही है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के साथ 3 लाख रुपये ठगने वाले आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने के साथ उससे 3 लाख रुपये ठगने वाले आरोपी को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से शनिवार को धर दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि मूल रूप से गोरखपुर जिले की व वर्तमान में सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा में रहकर मजदूरी करने वाली महिला ने बीते दिनों सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि उन्नाव जिले के पुरवा स्थित ऊँच गांव किला में रहने वाले रोहित कश्यप ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया और उससे 3 लाख रुपए भी ठग लिए। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उसकी शादी 2017 में पिंटू नामक युवक से हुई थी। लेकिन संतान न होने के कारण उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। इसके बाद वह अकेली रहने लगी। 13 जून 2024 को रोहित कश्यप ने उससे शादी का वादा किया और परिवार वालों से मिलाया। उसके बाद वह महिला का शारीरिक शोषण करने लगा। इसी दौरान उसने शादी के नाम पर धीरे-धीरे महिला से 3 लाख रुपये ले लिए। जब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने जब उससे अपने रुपए मांगने शुरू किए तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। महिला ने आरोप लगाया था कि 11 जून 2025 को रोहित अपने दोस्त दीपक के साथ नशे में घर पहुंचा और पीड़िता से मारपीट की। अगले दिन भी उसने उसे मारा पीटा। तब जान का खतरा देख पीड़ित महिला अपनी परिचित के घर में रहने लगी। सरोजनी नगर थाने के उपनिरीक्षक शिवराज सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। तभी शनिवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी रोहित कानपुर रोड स्थित कामर्शियल तिराहे के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे मौके से धर दबोचा। बाद में उससे पूछताछ करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने उन्नाव जनपद के हसनगंज तोंदा निवासी आसिफ पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर ।शनिवार को माल थाने पर तहरीर देकर युवती ने बताया कि आसिफ की खाला की लड़की ने उससे मुलाकात करवाई थीं ।इसके बाद से उसकी आसिफ से लगातार फोन पर बातें होने लगी ।उसके बाद वह दोस्ती में बदल गई और उसके घर आना-जाना होने लगा जिसके बाद उसने शादी का प्रस्ताव घर वालों के बीच रखा और घर वालों की राजी होने पर उसने शादी करने का भरोसा दिया। और उसके बाद से उसने शादी का झांसा देकर होटल और अपनी बहन के वहां बुलाकर कई बार उसका यौन शोषण किया। युवती द्वारा शादी करने का दबाव बनाने पर युवक ने जल्द शादी करने का भरोसा दिलाता रहा। और दोबारा उसने एक होटल में बुलाकर कहा तुम शादी की रट क्यों लगाती हो तभी उसने उंगली छेदकर उंगली से युवती की मांग भर दी और कहा कि लो हो गई शादी। अब तो विश्वास हो गया कि हम तुमसे ही निकाह करेंगे. जिसके सारे सबूत युवती के पास मौजूद है ।इसके बाद युवती और आसिफ के बीच समझौता हो गया। की हम दोनों 24 जुलाई को कोर्ट में कोर्ट मैरिज कर लेंगे ।लेकिन 24 तारीख को वह कोर्ट नहीं पहुंचा युवती लगातार वहां चक्कर काटती रही। उसके बाद युवक ने कहा कि अगर जबरन शादी का दबाव बनाओगी तो जान से हाथ धो बैठोगी। जिसको लेकर यवती ने माल थाने पर उसके खिलाफ तहरीर दी ।इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। सच्चाई सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी में 22 आईपीएस अफसरों को मिली स्थाई तैनाती

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शासन ने शनिवार को एक आईपीएस व 21 प्रशिक्षु आइपीएस को स्थाई तैनाती दी है। आईपीएस विनायक गोपाल भोसले को एसीपी कमिश्नरेट आगरा से एएसपी सीतापुर के पद पर भेजा गया है।इसके अलावा प्रशिक्षु आईपीएस राजेश गुनावत को एएसपी मुजफ्फरनगर से एएसपी फिरोजाबाद, अरीबा नोमान को एएसपी अलीगढ़ से एएसपी झांसी, कतिका शुक्ला को एसीपी कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर से एसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट, देवेश चतुर्वेदी को एएसपी मेरठ से एएसपी अयोध्या, विवेक तिवारी को एएसपी सहारनपुर से एएसपी खीरी बनाया गया है। आलोक राज को एसीपी कमिश्नरेट आगरा से एएसपी हरदोई, माविस टक को एएसपी बरेली से एएसपी बांदा, गौतम राय को कमिश्नरेट गाजियाबाद से एएसपी बिजनौर, महाडिक अक्षय को एसीपी कमिश्नरेट आगरा से एएसपी आगरा, प्रशांत राय को एएसपी आजमगढ़ से एएसपी प्रतापगढ़, सिद्धार्थ के. मिश्रा एसीपी कमिश्नरेट लखनऊ से एएसपी मुजफ्फरनगर बने हैं। आशना चौधरी एएसपी गोरखपुर से एएसपी मथुरा, विश्वजीत शौर्य एसीपी कमिश्नरेट प्रयागराज से एएसपी सिदर्थ नगर, शिवम आशुतोष को एएसपी झांसी से एएसपी बरेली, अभिनय द्विवेदी को एएसपी अयोध्या से एएसपी मुरादाबाद, सोनाली मिश्रा को एएसपी मुरादाबाद से एएसपी गोरखपुर बनाया गया है। नताश गोयल को एसीपी कमिश्नरेट वाराणसी से एएसपी पीलीभीत, गोल्डी गुप्ता को एएसपी मथुरा से एएसपी जौनपुर, अरुण कुमार एस. को एसीपी कमिश्नरेट कानपुर नगर से एएसपी फतेहगढ़, दीपक यादव को एसीपी कमिश्नरेट कानपुर नगर से एएसपी उन्नाव, अभिषेक दावाच्या को एसीपी कमिश्नरेट लखनऊ से एएसपी गोंडा के पद पर भेजा गया है।

## गोबर से चलेगी कार, पंचगव्य से निखरेगा रूप!

### योगी सरकार का प्लान गांवों को बनाएगा आत्मनिर्भर

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश में पहली बार पंचगव्य से सौंदर्य उत्पाद, जैविक कीटनाशक और बायोगैस का उत्पादन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। पंचगव्य आधारित कई परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जो पारंपरिक आस्था को तकनीक से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए खोलेगा।

पंचगव्य से स्किन केयर बनाने, बायोगैस से वाहन चलाने और जैविक उत्पादों से हरित खेती की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। सरकार अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, चित्रकूट, कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी में पंचगव्य से इन उत्पादों को बनाने की शुरूआत करने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ह्यगो सेवा से समृद्धिह्न अब प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और ग्रामीण जीवनशैली को एक नई दिशा देगी। प्रदेश की 75 चयनित गोशालाओं में से प्रति गोशाला सालाना 25 लाख रुपये आय की क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह नवाचार किसानों और पशुपालकों के लिए स्थाई आर्थिक माडल प्रस्तुत करेगा। इससे गोशालाएं सिर्फ संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उत्पादन और शोध केंद्र के रूप में कार्य करेंगी।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गो आधारित उत्पादों से किसानों और ग्रामीणों को कम लागत में अधिक लाभ मिलेगा। पंचगव्य, बायोगैस, जैविक कीटनाशक और बायो फेंसिंग से गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

गांवों में बायोगैस संयंत्र, पंचगव्य आधारित उत्पादों और जैविक खाद-कीटनाशकों के संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ ऊर्जा, कृषि सुधार के साथ ही रोजगार के नए रास्ते खोले जाएंगे। बायोगैस का प्रयोग वाहनों के ईंधन के रूप में किया जा सकेगा। इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा रही है। गो सेवा आयोग के विशेष कार्याधिकारी डा. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया है कि पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

## कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी को आरक्षण से वंचित रखा : मायावती

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अन्य पिछड़ग्न वर्ग (ओबीसी) की आवाज न उठाने की गलती मानने वाले बयान को बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट कर घड़ियाली आंसू करार दिया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि ओबीसी का आरक्षण सहित संवैधानिक हक दिलाने में कांग्रेस विश्वासपात्र नहीं रही है, यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि दिल में कुछ व जुबान पर कुछ वाली स्वार्थ की राजनीति है। कांग्रेस की नीति-नीयत में हमेशा खोट रहा। सत्ता खोने के बाद अब इन्हें बहुजन की याद आई। इसे घड़ियाली आंसू ही कहा जाएगा।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन में कहा था,ह्यजब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने गलती की। मैंने ओबीसी की उस तरह रक्षा नहीं की जैसी मुझे करनी चाहिए थी, क्योंकि मैं उस समय आपके मुद्दों को गहराई से नहीं समझ पाया। इसे लेकर मायावती ने अपनी पोस्ट में लिखा कि वंचित व उपेक्षित एससी-एसटी समाज के प्रति कांग्रेस का ऐसा ही दुर्भाग्यपूर्ण रवैया रहा है। 40 साल तक ओबीसी को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा। इसी कारण इन वर्गों के लोगों को अलग से अपनी पार्टी, बसपा यहां बनानी पड़ी है। इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस, उप्र सहित देश के प्रमुख राज्यों की सत्ता से लगातार बाहर है। बसपा प्रमुख ने अपनी पोस्ट में कांग्रेस के साथ भाजपा और एनडीए पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में भाजपा के एनडीए का भी इन वर्गों के प्रति दोहरे चरित्र वाला यही चाल-ढाल लगता है। जबकि आंबेडकरवादी पार्टी बसपा सदा ही इन वर्गों की सच्ची हितैषी रही है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि वंचित, आदिवासी व ओबीसी के लोग खासकर कांग्रेस, सपा आदि पार्टियों के बहकावे में नहीं आए, यही उनके सुख, समृद्धि के लिए बेहतर है।

## विक्रमादित्य पर मार्ग पर प्रतापगढ़ से आई महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। विक्रमादित्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह प्रतापगढ़ से आई महिला ने स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाते हुए आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें बचाया और थाने लेकर चली गई। इसके बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रतापगढ़ के रानीगंज निवासी सोमवारी देवी शुक्रवार की सुबह थैले में पेट्रोल की बोतल लेकर विक्रमादित्य मार्ग के टैंगो थ्री बैरियर के पास पहुंची और अपने ऊपर पेट्रोल डालने लगी। यह देख आसपास तैनात पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उन्हें पकड़ लिया और थाने पहुंचे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र की महिला सुहाना बानो ने समूह बनाकर रोजगार दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये ठग लिए। शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की इस वजह से वह आत्मदाह का प्रयास करने पहुंची। गौतम पल्ली इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ पुलिस को सूचित कर महिला को उनके सिपुर्द किया गया है। उनके खिलाफ आत्मदाह के प्रयास का मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

## बिजली चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



वांछित आरोपी – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने एक पुराने बिजली चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भुलभुला खेड़ा गांव निवासी मोतीलाल पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज था। इस मामले में वह लंबे समय से फरार चल रहा था। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मोतीलाल को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद मोतीलाल को जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी स्थानीय क्षेत्र में बिजली चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने के प्रयासों का हिस्सा है।

## चार माह बाद पिकअप लोडर वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर से चार माह पहले चोरी हुई पिकअप लोडर वाहन के मामले में वाहन मालिक ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत खैरियातपुर में रहने वाले पीर मोहम्मद का कहना है कि उन्होंने अपनी पिकअप लोडर ( यूपी 32 एलएन 3550 ) सर्विस के लिए सरोजनी नगर में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर तीन के पास सुफियान मिस्त्री के यहां 24 मार्च को खड़ी की थी। पीर मोहम्मद का कहना है कि अगले दिन 25 मार्च को सुफियान ने बताया कि गाड़ी का काम पूरा हो गया है, अब गाड़ी ले जा सकते हैं। इस पर पीर मोहम्मद ने अगले दिन गाड़ी लेने आने की बात कही। लेकिन पीर मोहम्मद का कहना है कि अगले दिन 26 मार्च सुबह सुफियान ने बताया कि आपकी गाड़ी चोरी हो गई है। यह सूचना मिलते ही पीर मोहम्मद के होश उड़ गए। उन्होंने आनन फानन ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचकर बगल की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कराए तो अज्ञात व्यक्ति गाड़ी ले जाते दिखाई पड़ा। इसके बाद पीर मोहम्मद ने अब सरोजनी नगर थाने में मामले के रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का सुराग लगाने में जुट गई।

## अमेठी मण्डल की कार्यसमिति घोषित

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज।शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेठी मण्डल कार्यसमिति की लिस्ट जारी कर बधाई दी है पंकज नयन को पुनः मण्डल अध्यक्ष अमेठी, मण्डल उपाध्यक्ष संतोष सिंह,अर्चना वर्मा,राम प्रधत रावत,नीतू रावत, अंकित प्रजापति ,अंकित वर्मा बनाया गया है वहीं मण्डल मंत्री डी डी त्रिपाठी, उमाकांत साहू, रीता यादव, अनिल निगम, सुनील दिवाकर, सत्यम सोनी, पूनम देवी ओमेश कुमार बनाए गया।व कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर को बनाया गया है। वही लिस्ट घोषित होने के बाद कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं संदेश दिया।

## सम्पादकीय

# संसद लोकतंत्र का मंदिर बेवजह हंगामा ठीक नहीं

संसद लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर है। हर देशवासी के मन में संसद के प्रति अथाह सम्मान है। उन्हें उम्मीद रहती है कि हमारे प्रतिनिधि संसद में ऐसे कानून बनाएंगे जिससे हर देशवासी का जीवन स्तर ऊंचा होगा, लेकिन हो रहा है उसके बिलकुल उलट। संसद का कोई भी सत्र हो, उसकी शुरुआत हंगामे से होना परंपरा बन चुकी है। यह खराब परंपरा है, लेकिन इसके बाद भी जारी है कि इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होता। विपक्ष को भी नहीं, जो हंगामा करता है और सत्ता पक्ष को भी नहीं जिसका कार्य सरकार चलाना है। केवल धन की बर्बादी होती है। इसके बावजूद विपक्ष हमेशा हंगामे को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत करता है। संसद में किसी भी बहाने हंगामा करना राजनीतिक स्वभाव बनता जा रहा है। जब जो दल विपक्ष में होता है, वह हंगामा करना पसंद करता है और वह भी तब, जब वह सत्ता में रहते समय हंगामे से त्रस्त हो चुका होता है। विपक्ष यदा-कदा अपने हिसाब से ज्वलंत मुद्दों को उठाता है, लेकिन उन पर सार्थक बहस करने और सरकार से जवाब मांगने के बजाय उसकी दिलचस्पी इसमें अधिक होती है कि संसद चलने न पाए। आमतौर पर विपक्ष संसद में सरकार को घेरने के लिए मुद्दों का चयन खुद नहीं करता। वह उन मुद्दों को लेकर आगे आ जाता है, जो संसद सत्र के पहले से ही चर्चा में आ गए होते हैं। अनेक बार देखा गया है कि मुद्दे से ज्यादा हंगामे को महत्व दिया जाता है। ऐसा ही कुछ संसद के मानसून सत्र के दौरान देखने को मिल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट के लिए किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और अन्य मुद्दों को लेकर सदन में हंगामा किया। जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद दो बार स्थगन के साथ दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। इस दौरान भी संसद में हंगामा ही होता रहा। सांसदों ने विधेयक के बारे में जानने की बजाय शोरगुल करने पर ध्यान केंद्रीत किए रखा। लोकसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें, लेकिन अध्यक्ष के इस कथन का विपक्षी सांसदों पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं। अब खबर आ रही है कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है। इसके लिए लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। सरकार चर्चा को तैयार है तो विपक्ष को भी चाहिए कि हंगामे की बजाय सार्थक बहस की तरफ मुड़े, जिससे न समय की बर्बादी हो और न ही आम जनता के खून पसीने से कमाए धन की। जनता हंगामा नहीं, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहती है। संसद में हंगामे पर विपक्ष को तो विचार करना ही चाहिए, सत्तापक्ष को भी यह देखना चाहिए कि संसद सही ढंग से कैसे चले। इसके लिए उसे विपक्ष को भरोसे में लेने के साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श के लिए माहौल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कटुता दूर होनी चाहिए। यह तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को आदर देंगे, सम्मान करेंगे।



लक्ष्य

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आने वाले 100 साल सहकारिता के

> अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया।

भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि अतीत आपने देखा, अब भविष्य की ओर देखो। पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियां आपको ताजगी से भर देंगी। इनमें सहकारिता की ओज है। सहकारिता की ओज से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में उजाला पसरने जा रहा है। अमित शाह का उत्साहवर्धन निश्चय ही सहकारिता से जुड़े समाज को ऊर्जा से भर देगा और जो सोये हैं अभी तक उन्हें जगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया कि देश के धान और गेहूं की खरीद में लगभग 20 प्रतिशत योगदान सहकारिता का है, जबकि 35 प्रतिशत उर्वरक और 30 प्रतिशत चीनी का उत्पादन सहकारिता के माध्यम से होता है। 20 प्रतिशत से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें-फेयर प्राइस शॉप भी सहकारिता के माध्यम से चलती हैं। 8 लाख 50 हजार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। यह जो करोड़ों भारतीयों का सहकारिता से जुड़ाव है, यह बहुत मायने रखता है। चार वर्ष में ही भारत की इतनी बड़ी आबादी सहकारिता में अपनी उपस्थिति बना चुकी है। यह आगामी 100 साल बाद का जो उन्हें चित्र दिख रहा है, वह यूं ही नहीं है। यह उन्हें आभास इसलिए हो रहा है क्योंकि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति, जीवन समृद्धि व उत्साहजनक भविष्य की कड़ी बनती जा रही है। उन्होंने खुद देखा कि विज्ञान व तकनीकी के साथ जैसे सहकारिता का जुड़ाव हो रहा है, युवा आबादी इसमें अपने भविष्य को संवारने का स्वप्न पाल रही है। वह अपने बुजुर्गों की विरासत में सम्मिलित सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहती है।

प्राइमरी डेयरी कोआपरेटिव सोसाइटी-पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम अभियान के तहत सफलता की कहानियां जब सामने आयीं तो लोगों ने महसूस किया है कि सहकारिता भी सफलता की वजह बनती जा रही है। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सफलता की कहानियों ने यह बताया कि हमारी सहकारिता केवल कृषि व उद्यम तक सीमित नहीं है अपितु यह तो प्रकृति-जीवन-संस्कृति से जुड़ी हुई है। सहकारिता मंत्री ने रेखांकित किया है कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष के भीतर हमने 61 पहलों के जरिये सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। दो लाख नए पीएसीएस बनाने का काम शुरू हो गया है, इनमें से 40 हजार पैक्स बना लिए गए हैं। सभी पीएसीएस -पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का काम पूरा कर लिया गया है और सभी राज्यों ने पैक्स के मॉडल



बायलॉज़ स्वीकार कर लिए हैं। गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, एक्सपोर्ट और बीज संवर्धन के लिए नई सहकारी संस्थाएं बनाई गई हैं। यदि यह कार्य व ऐसा कार्य जो सहकारिता मंत्रालय गठन के बाद विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है, ऐसा कार्य पिछले 75 वर्षों में किया गया होता तो, आज देश में सहकारिता की वजह से हमारे देश के किसान, मजदूर, श्रमिक व विभिन्न हितधारक भारत का भविष्य बदलने में सक्षम हो चुके होते, किसी अन्य सहयोग की अपेक्षा ही नहीं होती। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, नए अनुबंध-एमओयू, मानव संसाधन का निर्माण, नए रिसोर्सेज का चिन्हीकरण व उनको डिजिटल फॉर्म में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी सहकारिता क्षेत्र में हो रही है। क्लाइमेट चेंज व सोशल जस्टिस जैसे विषयों को भी सहकारिता के समावेशी वैशिष्ट्य के साथ समाधान होगा। आत्मनिर्भरता व नवाचार से आर्थिक विकास की धारा जेंडर जस्टिस का कारण बनेंगी। भारत में सहकारी समितियों की जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है, उनके प्रति उदासीनता को समाप्त करके इसे अभिरुचिजन्य बनाने की यदि कोशिश नया स्वरूप पाएगी तो 2047 तक विकसित राष्ट्र के पैमाने पर भारत 100 प्रतिशत खरा उतरेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि सहकारिता मंत्री का युवा मन युवा सहकारिता सेवियों को जब तैयार कर लेगा, तो कोई लक्ष्य हमसे दूर नहीं होगा। अपने युवा मानव संसाधन का बस तेजी से झुकाव सुनिश्चित करने में यदि भारत सरकार अभिरुचि दिखाएगी तो सब कुछ संभव सा होता दिखता है। सहकारिता मंत्री की ओर से की जा रही पहल के साथ जब वैश्विक स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने वाली एजेंसीज सहकारिता से जुड़े लोगों व प्रतिष्ठानों के बीमा में अभिवृद्धि करेंगी और सुरक्षा की भावना से वे अभिरुचि दिखाकर आगे आने का प्रयत्न करेंगी तो निश्चय ही सहकारिता के 100 वर्ष और 500 वर्ष भी स्वर्णिम काल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसमें इन्वेस्टमेंट एजेंसीज की इच्छाशक्ति का अहम योगदान है।

वे ऐसा करेंगी तो आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियों के बीच भी सहकारिता के कार्य आगे बढ़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियां ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहाँ सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएँ न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएं हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है। जब देश में सहकारी संस्थाओं की संख्या 8 करोड़ हो जाएगी, जब देश में सहकारी संस्थाओं का पूर्णतया डिजिटलीकरण हो जाएगा, जब देश में त्रिभुवन यूनीवर्सिटी जैसी सहकारिता यूनिवर्सिटी की संख्या बढ़कर कम से कम 10 हो जाएगी, जब देश में सहकारिता अनुसंधान में सतत विकास हमें दिखेगा तो संपूर्ण विश्व में भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने वैभवकाल की ओर गति पा लेगा, हमारे देश को एक ऐसे समय की प्रतीक्षा है। सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी ऐसा समय प्राप्त कर लेने का विश्वास है। आवश्यकता इस बात की है कि उस विश्वास को पूरा भारत मजबूती से अपना सहयोग प्रदान करे, क्योंकि इसमें किसी के निहित स्वार्थ नहीं हैं, अपितु इसमें पूरे भारत का भविष्य है। आज 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति सरकार ला रही है।

आर्थिकी

सतीश सिंह



# एफडीआई व ओएफडीआई से विकास को मिलेगा बल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में 81.04 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14% अधिक है। ये आंकड़े भारत की मजबूत आर्थिक नीतियों, वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे और सुधारों को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत को सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिंगापुर से प्राप्त हुआ है। वहीं,देश के राज्यों में सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ है। कुल एफडीआई में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 39% दर्ज हुई। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसे 13% हिस्सेदारी हासिल हुई और दिल्ली की हिस्सेदारी 12% रही। हालांकि, मौजूदा एफडीआई को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि विकास के लिए बहुत ही ज्यादा निवेश की आवश्यकता होती है। देश में एफडीआई कम आने का एक बड़ा कारण भारत द्वारा चीन के निवेश पर आंशिक रोक लगाना है। हाल ही में, देश में निवेश को बढ़ाने के लिए नीति आयोग ने उन नियमों में ढील देने का प्रस्ताव किया है, जिनके तहत चीनी कंपनियों को यहां निवेश के लिए अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होती है। वर्तमान में किसी भी निवेश के लिए चीनी कंपनियों को गृह और विदेश मंत्रालयों से सुरक्षा मंजूरी लेनी पड़ती है। नीति आयोग ने हाल ही में प्रस्ताव दिया है कि चीनी कंपनियां किसी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बिना अनुमोदन ले सकती हैं। आयोग का यह प्रस्ताव देश में एफडीआई को बढ़ावा देने वाली योजना का हिस्सा है। वैसे,नीति आयोग के प्रस्तावों को मानना सरकार के लिए जरूरी नहीं है, लेकिन यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और चीन 2020 में सीमा पर हुई झड़पों के बाद से तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में हुई वार्ता के बाद सैन्य तनाव में कमी आई और उसके बाद से दोनों देश आपसी संबंध सुधारने के प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दूसरे देशों की कंपनियां विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे कई क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से निवेश कर सकती हैं, जबकि रक्षा, बैंकिंग और मीडिया आदि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में बाहरी निवेश पर आंशिक रोक है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद वैश्विक स्तर पर विदेशी निवेश में कमी आई है, लेकिन भारत में एफडीआई में भारी गिरावट का कारण चीनी निवेश में अड़चन को माना जा रहा है। चीन द्वारा भारत में कम निवेश करने के अलावा भारत में निवल एफडीआई में तीव्र गिरावट का एक और महत्वपूर्ण कारण भारतीय कंपनियों द्वारा बाह्य एफडीआई (ओएफडीआई) में वृद्धि भी शामिल है। हालांकि, इससे देश को कई लाभ भी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में भारत की विदेश में एफडीआई बढ़कर 5.03 अरब डॉलर हो गई, जो पिछले साल के समान महीने के 2.9 अरब डॉलर से ज्यादा है। मई महीने में यह 2.7 अरब डॉलर थी। विदेश में एफडीआई अमूमन तीन तरह यानी इक्विटी, ऋण और गारंटी के रूप में की जाती है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की इक्विटी विदेशों में 3 गुना से ज्यादा बढ़कर जून 2025 में 2.04 अरब डॉलर हो गया, जो जून 2024 में 67.07 करोड़ डॉलर था। यह मई 2025 के 98.71 करोड़ डॉलर से दोगुना भी है। वहीं, ऋण प्रतिबद्धताएं मामूली रूप से बढ़कर जून 2025 में 58.555 करोड़ डॉलर हो गई, जो जून 2024 के 45.43 करोड़ डॉलर से अधिक है और मई 2025 की 1.02 अरब डॉलर प्रतिबद्धता की तुलना में कम है। पुनः,रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश की इकाइयों के लिए गारंटी बढ़कर जून 2025 में 2.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1.8 अरब डॉलर और मई 2025 में 69.22 करोड़ डॉलर था। बता दें कि किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंधन में कुछ हिस्सा हासिल हो जाता है, जिसमें उसका पैसा लगता है।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की संप्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है।

*– मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ है

भारत ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक बैठक में अपने पड़ोसी को 'कट्टरता' में डूबा 'लगातार कर्ज लेने वाला' देश करार देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को 'गंभीर कीमत' चुकाने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा कर रहे हैं, ऐसे में यह समझना जरूरी है कि कुछ बुनियादी सिद्धांतों का सार्वभौमिक रूप से सम्मान किया जाना चाहिए जिनमें से एक है- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना।



## ऑफ बीट

# क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना सुरक्षित और संभव

जैसे-जैसे मंगल मिशन संबंधी योजनाओं में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे यह सवाल भी उठ रहा है कि मानव शरीर वहां के अनुसार कैसे स्वयं को ढालेगा? क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना और इसका सुरक्षित रहना संभव है? उदाहरण के लिए लगभग दो-तिहाई मानव भ्रूण जीवित नहीं रह पाते और अधिकतर भ्रूण शुरुआती कुछ सप्ताह में अक्सर महिला को यह पता लगने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं कि वह गर्भवती है। गर्भावस्था को जैविक अहम पड़ावों की एक श्रृंखला के रूप में समझा जा सकता है। हर एक पड़ाव को सही क्रम में होना चाहिए और हर एक पड़ाव के सफल होने की एक निश्चित संभावना होती है।



## ट्रेंड

### तिलक को जयंती पर नमन

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनके शब्द "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" ने एक आंदोलन को प्रज्वलित किया व आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। भारत के इस महान सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री



### क्रांति गौड़ को बधाई

मध्यप्रदेश की बिटिया क्रांति गौड़ से आज हमारा भारत हुआ गौरवान्वित...। इंग्लैंड के खिलाफ निणायिक वनडे में 6 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाने वाली छतरपुर जिले की खिलाड़ी क्रांति ने न केवल मैच, बल्कि करोड़ों दिल भी जीत लिए हैं। इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश



### बंद्योपाध्याय को श्रद्धांजलि

साहित्यकार ताराशंकर बंद्योपाध्याय की जयंती पर बांग्ला भाषा और साहित्य में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देती हूं। 'गणदेवता', 'पंचग्राम', 'धात्रीदेवता', 'हंसुली बांकेर उपकथा' और 'कबी' जैसे उनके उपन्यास अमर रचनाएं हैं।

-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल



### भारत क्षमतावान

चीन ने पिछले साल तेल और गैस पर 38 अरब डॉलर खर्च किए। वह ज़मीन के 8 किमी नीचे तक खुदाई कर रहा है ताकि ज़्यादा तेल निकाला जा सके। भारत भी ये कर सकता है। संसाधन भी हैं, क्षमता भी।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



## संक्षेप

### बिजली कटौती से परेशान लोग

**शहर में रात में ट्रिपिंग, गांवों में सिर्फ 6-7 घंटे आपूर्ति, एसी बोले-बारिश नहीं होने से आ रही समस्या**

सुलतानपुर, विद्युत आपूर्ति की स्थिति गंभीर हो गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में दरियापुर फीडर से जुड़े इलाकों में रात होते ही बिजली ट्रिप होने की समस्या शुरू हो जाती है। यह समस्या रात 2-3 बजे तक जारी रहती है। डाकखाना, टाटियानगर और केएनआई फीडर की स्थिति भी खराब है। कूरेभार ब्लॉक में गलिबहा समेत चार उपकेंद्रों की स्थिति चिंताजनक है। इन उपकेंद्रों से जुड़े करीब 50 गांवों में पिछले 15 दिनों से केवल 6-7 घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं। भदैया ब्लॉक में एक महीने से लो वोल्टेज की समस्या है। यहां 10-12 घंटे की सीमित आपूर्ति होती है। पकड़ी उपकेंद्र के बालमपुर फीडर पर पांच घंटे तक बिजली बंद रही। इससे 25 गांवों की आपूर्ति प्रभावित हुई। लोलेपुर उपकेंद्र के ईस्ट फीडर पर तीन दिनों से रात 9 बजे से सुबह 2 बजे तक बिजली नहीं रहती। कुड़वार और असरोगा पावर हाउस की स्थिति सबसे खराब है। इनके अंतर्गत आने वाले दाऊदपुर, बंधुआकला, धंमौर व कुड़वार फीडर पर 24 घंटे में केवल 3-4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है।

### स्कूल विलय से बच्चों की पढ़ाई पर असर

**असवा धनीपुर स्कूल का नौबस्ता में विलय, तालाब की दूरी से 7 बच्चों ने छोड़ी पढ़ाई**

सुलतानपुर, भदैयां में परिषदीय विद्यालयों के विलय की नीति बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। असवा धनीपुर प्राइमरी स्कूल का नौबस्ता प्राइमरी स्कूल में विलय कर दिया गया है। इस विलय के बाद असवा धनीपुर स्कूल पर ताला लग गया है। असवा धनीपुर स्कूल में पहले 28 बच्चे पढ़ते थे। विलय के बाद रास्ते में तालाब आने के कारण सात बच्चों ने निजी स्कूलों में दाखिला ले लिया है। नौबस्ता स्कूल में पहले से ही 50 बच्चे पढ़ रहे थे। विलय के बाद कुल संख्या 78 होनी थी। लेकिन सात बच्चों के चले जाने से यह घटकर 71 रह गई है। नौबस्ता स्कूल में पहले तीन शिक्षक और एक शिक्षा मित्र कार्यरत थे।

### कावड़ियों का जत्था देवघर रवाना

**कोइरीपुर रेलवे स्टेशन पर चेयरमैन ने श्रद्धालुओं को किया विदा**

सुलतानपुर, चांदा से सैकड़ों कावड़िये गुरुवार को बाबा बैजनाथ धाम देवघर के लिए रवाना हुए। कोइरीपुर रेलवे स्टेशन पर रामगंज के चेयरमैन राकेश सिंह ने कावड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी कावड़ियों को जलपान कराया और सकुशल यात्रा की मंगल कामना के साथ विदा किया। युवा टीम रामगंज सहित क्षेत्र के सैकड़ों कावड़िये देवघर जाने के लिए कोइरीपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। चेयरमैन राकेश सिंह ने स्वयं स्टेशन पहुंचकर उनकी सेवा और स्वागत किया। उन्होंने सभी कावड़ियों से मिलकर सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं और फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन में उन्हें बैठाकर विदा किया।

# समाजवादी पार्टी के द्वारा आरक्षण दिवस के अवसर पर संविधान मान स्तंभ कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस कार्यक्रम मे डा० भीमराव अंबेडकर सभागार स्थल बहराइच पहुंचने पर मुख्य अतिथि सांसद उत्कर्ष वर्मा का सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट व पूर्व मंत्री याशर शाह ने भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि माननीय उत्कर्ष वर्मा नें कहा कि आजादी के बहुत पहले इस देश में बहुजन समाज को अपनी कोल्हापुर रियासत के बहुजन नायक छत्रपति शाहू जी महराज को नमन करता हूँ जिन्होंने अपने राज्य में आज के ही दिन दलितों और पिछड़ों को 50% आरक्षण देकर देश के दलितों वँचितों और पिछड़े समाज को सामाजिक न्याय देने की शुरूआत की थी। देश की गद्दी पर आसीन पूंजीपतियों की सरकार सरकारी नौकरी ठेके पर ( आउटसोर्सिंग )पर देकर और संविधान को खत्म कर प्रजातान्त्रिक व्यवस्था करने पर उतारू है, संसदीय परम्पराओं की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है। ईडी और सीबीआई के जरिये विपक्ष को धमकाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज सपा प्रमुख पीड़ीए नायक अखिलेश यादव की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है जिन्होंने उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर उनके संविधान को खत्म करने की मंशा पर पानी फेर दिया है। उन्होंने सभा मे उपस्थित लोगों को सामाजिक न्याय की लड़ाई में सपा के साथ खड़े होकर भाजपा को हराने का जोरदार आवाहन किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री याशर शाह ने भी सम्बोधित किया ओर कहा कि वर्तमान समय मे संविधान को बचाने के लिए एवं पीडीए समाज को उनका हक सम्मान दिलाने के लिए उनकी लड़ाई लड़ने के लिए पूरे देश मे सिर्फ एक नेता संघर्ष कर रहा है वो है अखिलेश यादव। हम सभी समाजवादी लोग आज से ही यह प्रण लेते है कि 2027 चुनाव मे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभी से ही अपना बूथ सेक्टर को मजबूत करने मे जुट जाए। इस सम्मेलन मे विधायक मारिया शाह, विधायक आनंद यादव, पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक के०के० ओझा, पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, शिक्षक सभा के जितेंद्र मौर्य, महिला सभा की जिलाध्यक्ष मन्नू देवी, अनवर वारसी शैलेश शैलू नें भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट तथा संचालन महामंत्री सुनील निषाद नें किया। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान, जिला उपाध्यक्ष देवेशचंद्र मिश्र, उत्तम सिंह एडवोकेट, अनिल यादव, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुंदरलाल बाजपेयी, हाजी इमलाक खान, ईं० राकेश सोनकर, सब्बीर खान रूपईडीहा अनिल यादव, सुमन शर्मा, अफशाल शानू, नंदेश्वर यादव, जावहर यादव, मो० आसिफ समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर याद आए बलिदानी रणबांकुरे

**जिला सैनिक कल्याण अधिकारी समेत ग्रामीणों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। विगत वर्ष सन 1999 में हुए भारत-पाकिस्तान के कारगिल युद्ध का विजय दिवस आज समूचे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वही प्रदेश के फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव झाऊपुर में जन्मे कारगिल युद्ध के रणबांकुरे 10 पैरा कमांडो अमर सपूत विजय पाल सिंह यादव ने अपने प्राणों को न्योछावर करते हुए कारगिल युद्ध की फतेह में स्थान स्थापित किया था कल विजय दिवस के अवसर पर अमर बलिदानी के स्मारक स्थल पर विजय दिवस मनाते हुए देश के अमर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई श्रद्धांजलि समारोह में पहुंचे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल दिनेश चंद्र शर्मा समेत अन्य पूर्व सैनिकों ने सलामी देकर देश के अमर शूरवीर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की मिली जानकारी के अनुसार पूर्व काल में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका निभाते हुए अमर बलिदानी विजयपाल सिंह यादव ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को धराशाई करते हुए कई चौकी समाप्त की थी जहां दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीर बलिदानी विजय पाल सिंह यादव ने अपने प्राणों को देश की मिट्टी में मिला दिया यह युद्ध लगभग 60 दिनों तक चला जिसमें पाकिस्तान सेना को धराशाई करते हुए भारतीय जाबाजों ने विजय हासिल की कारगिल विजय के पश्चात युद्ध में न्योछावर हुए अमर बलिदानी विजयपाल सिंह यादव की शहादत को नमन करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति ने अमर बलिदानी की धर्मपत्नी सुषमा यादव को सर्वोच्च सेना सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया था कल 26 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्मारक स्थल में श्रद्धांजलि समारोह के पश्चात जनपद के जिला सैनिक कल्याण बोर्ड परिसर में कर्नल दिनेश चंद्र शर्मा ने देश के अमर शहीद की पत्नी सुषमा यादव पिता रामसागर माता सुखदेई तथा छोटे भाई अजय पाल सिंह यादव को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया

**प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों की भूमिका शून्य**

दुश्मनों पर विजय हासिल करने में अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले समूचे जनपद का एकमात्र वीर सपूत अमर बलिदानी विजयपाल सिंह यादव थे जिसके लिए समूचा जनपद इस बलिदान को प्रतिवर्ष स्मरण करते हुए वीर सपूत को श्रद्धा सुमन अर्पित करता है परंतु जनपद के जनप्रतिनिधि एवं जनपद समेत स्थानीय प्रशासन ने इस गौरव को ना मंजूर करते दिखाई दिए पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्मारक स्थल कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा वही स्थानीय प्रशासन ने भी इस गौरवपूर्ण पल से अपना मुख मोड़ लिया स्मारक स्थल में पहुंचे सभी ग्रामीणों समेत क्षेत्रीय नागरिकों ने 10 पैरा कमांडो अमर सपूत विजय पाल सिंह यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

# स्पार्क कालेज के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों के बारे में दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। मरौचा - बौंडी मार्ग के अलादादपुर स्थित स्पार्क कालेज आफ पैरामेडिकल साइंसेज एंड नर्सिंग में शनिवार को संचारी रोग जागरुकता एवं रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से कांति कुबेर हास्पिटल व अलादादपुर गांव में जा करके लोगों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी। इनसे बचने के उपाय बताएं। संस्था डायरेक्टर डा. अभिलाषा वर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी व बारिश के मौसम में अनेक प्रकार के संचारी रोग हो जाते हैं और लोग इनकी चपेट में आकर बीमार पड़ जाते हैं। इसी को लेकर स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालयों में संचारी रोग पखवाड़ा मनाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि वे अपने परिजनों को इन रोगों के प्रति जागरूक कर सकें। छात्र-छात्राएं अपने आसपड़ोस और अपने परिजनों को इन रोगों के बारे में जागरूक करें और बीमारियों से बचें। इस मौके पर शिक्षिका वंदना व सोनिया मौजूद रहीं।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित की गई कृषि सखी

**पांच दिवसीय कृषि सखी का केवीके बहराइच एवं नानपारा पर प्रशिक्षण सम्पन्न**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिले में गठित कराए गये 120 प्राकृतिक खेती क्लस्टरों में किसानों तक प्राकृतिक खेती के तरीके पहुंचाने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच एवं कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा पर 05 दिक्सीय कृषि सखियों/सीआरपी का प्रशिक्षण का समापन उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कृषि सखियों/सीआरपी को बताया गया कि प्राकृतिक खेती करने से मृदा में जीवांश कार्बन लगातार बढ़ता है ,जिससे मृदा सुदृढ तथा उपजाऊ होती है जो खेती हेतु बहुत उपयोगी है। श्री वर्मा ने बताया कि प्राकृतिक खेती करने के 07 सूत्र बताये गये है. जिसमें न्यूनतम जुताई, आच्छादन ,सूक्ष्म सिंचाई, फसल सुरक्षा, सहफसली खेती सायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग न कर प्राकृतिक खेती की जाये। उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा ने कृषि सखियों की भूमिका, प्रशिक्षण प्रदर्शन योजना के क्रियान्वयन में सहयोग आदि विषयों पर जानकारी दी। इसी कड़ी में चयनित क्लस्टरों में कृषकों को प्रशिक्षित करने, उन्हें प्राकृतिक खेती से जागरुक करने तथा रसायन मुक्त खेती सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ही जनपद में चयनित 120 प्राकृतिक खेती क्लस्टर की 240 कृषि सखियों/सीआरपी को कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक/ अध्यक्ष डॉ0 सीपीएन गौतम डॉ0 नन्दन सिंह,डॉ0अरुण कुमार राजभर ,डॉ0 शैलेन्द्र सिंह ,डॉ0 शैलजा एवं डा0 प्रियंका सिंह ने प्रशिक्षित किया। इसी प्रकार कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष डा० संदीप कनौजिया, डा० पीके० सिंह , डा० सुनील कुमार ,डॉ उमेश कुमार ,डॉ संदीप गौतम द्वारा चयनित कृषि सखी एवं सीधारथी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उप निदेशक कृषि ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक साथ नन्दन सिंह फार्मर मास्टर ट्रेनर के रूप में मुन्ना लाल चमई सुरेन्द्र गिरि एवं निरंजन लाल वर्मा जिनके द्वारा केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी में नेयुरल फार्मिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर आये है। प्रशिक्षण प्राप्त कृषि सखियों सीआरपी को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र ,बैग, गौ -आधारित प्राकृतिक खेती, पम्पलेट, आइडेंटी कार्ड, डायरी तथा कृषि एवं पशुपालन पत्रिका का वितरण किया गया।इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता , रामसेवक वर्मा, दिनेश कुमार मौर्य द्वारा प्राकृतिक खेती के तरीके बताएं। सुधाकर शुक्ला , पंकज कुमार, कुलदीप वर्मा श्रीमती प्रिया सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि विभाग,श्री बालचंद , प्रदीप कुमार, सहित क्लस्टर की 240 कृषि सखियां एवं सीआरपी उपस्थिति रहे।

# युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक: एस पी सिंह

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। शनिवार को मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट कार्यालय बाबागंज मे एकदिवसीय नशा उन्मूलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बोलते हुए ट्रस्ट के डायरेक्टर एसपी सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। राष्ट्र की उन्नति के लिए उसे अपने कंधे पर सामाजिक सरोकार का बोझ उठाना है। इसके लिए उनका शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। नशा धीरे-धीरे कर मस्तिष्क के साथ शरीर को भी खा रहा है। अभी आवश्यकता है युवाओं को नशे से दूर किया जाए। इसी क्रम में ट्रस्ट उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा कि समाज में एकल परिवार की व्यवस्था तेजी से बढ़ रही है।यह नुकसानदायक है। संयुक्त परिवार में अनुशासन रहता था। परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे की गतिविधियों पर नजर रखते थे। डा रमाकांत तिवारी ने कहा कि आज गांव गांव में लोगों में जागरूकता फैलाने का समय है। जागरूकता से ही नशे को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छेदा खां, रामनिवास, जगदीश प्रसाद, दस्तगीर शाह, स्वामीदयाल सरोज, सहित क्षेत्र वासी मौजूद रहे।



# आरओ/एआरओ परीक्षा केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने के दिये गये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद के 22 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 23 परीक्षा केन्द्रों पर उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर भती हेतु 27 जुलाई 2025 को एक पाली में पूर्वान्ह 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ श्री राम कुमार भानीरामका इण्टर कालेज चिलवरिया व एम्स इण्टरनेशनल स्कूल हुजूरपुर रोड बहराइच का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद केन्द्र व्यस्थापकों कामेश्वर सिंह व शिती सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखे जाये तथा सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्राफी करायी जाय। श्री राम कुमार भानीरामका इण्टर कालेज के निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर करने तथा परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये।

# लैंड पोर्ट रुपईडीहा मे मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा..**

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत सरकार गृह मंत्रालय के तत्वाधान में रुपईडीहा लैंड पोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष सुधीर की अगवाई में शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि रुपईडीहा नगर पंचायत के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव रहे। इस अवसर पर लास्ट पोस्ट की धुन पर सभी ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। 26 जुलाई 1999 को भारत के 500 से अधिक सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देते हुए वीरगाथा लिखी थी। अध्यक्ष सुधीर ने राम प्रसाद बिस्मिल की लिखी कविता की पंक्तियां, 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा' पढ़ी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं इस अवसर पर राजकुमार वर्मा, राम निरंजन, पुष्कर सिंह, ऋषभ सिंह, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।



# एसडीएम ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मोतीपुर का किया निरीक्षण

**विद्यालय परिसर में कूड़े का डम्प पाये जाने पर जताई नाराजगी**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा विकास खण्ड के मोतीपुर में संचालित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पंहुचे उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह ने विद्यालय में मौजूद उपस्थित पंजिका अध्यापक उपस्थित पंजिका मिड डे मील क्लास रूम तथा विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीएम के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मोतीपुर के निरीक्षण में काफी कमियां मिली विद्यालय में पंजीकृत छात्र संख्या के सापेक्ष केवल एक चौथाई छात्र विद्यालय में मौजूद मिले विद्यालय का अनुचर अनुपस्थित पाया गया मिड डे मील में साफ सफाई की कमी मिली तथा विद्यालय परिसर में कूड़े का डम्प मिला जिसपर एसडीएम ने सख्त हिदायत देते हुए नाराजगी व्यक्त की और तत्काल कूड़ा हटवाने का निर्देश दिया।

# गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट आस पास रहने वाले लोगों में राहत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट से शुक्लागंज और आसपास के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को राहत मिली है। गंगा का जलस्तर अब घटकर 109.790 मीटर पर आ गया है। जल आयोग के अनुसार, उन्नाव में गंगा का चेतावनी बिंदु 112 मीटर है। कुछ दिन पहले जलस्तर 110.900 मीटर तक पहुंच गया था। इससे शुक्लागंज, अहमदनगर, शक्ति नगर और चम्पापुरवा जैसे तटीय क्षेत्रों में बाढ़ और कटान की संभावनाएं बढ़ गई थीं। लेकिन अब जलस्तर में गिरावट से तत्काल खतरा टल गया है ।गंगा किनारे बसे गांवों के लोगों ने जलस्तर गिरने के बाद राहत महसूस की है। किसान अब निश्चिंत होकर अपनी फसलों की देखभाल कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने भी निगरानी जारी रखी है। हालांकि खतरे की स्थिति न होने से निगरानी कार्यों में थोड़ी ढील दी गई है। शुक्लागंज निवासी रामबहादुर यादव ने बताया, ₹पिछले साल जलस्तर अचानक बढ़ गया था और कई खेत डूब गए थे। इस बार जैसे ही पानी बढ़ा, हम लोग फिर डर गए थे। अब जलस्तर घटने से थोड़ी राहत है।₹जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें गंगा किनारे बने तटबंधों और कटान संभावित स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगर फिर से बारिश होती है या पहाड़ी क्षेत्रों से जल का दबाव बढ़ता है, तो हालात दोबारा बदल सकते हैं। जल आयोग के अधिकारियों के अनुसार, ₹फिलहाल जलस्तर में स्थिरता है और अगले कुछ दिनों तक इसमें बढ़ोतरी की संभावना बेहद कम है।₹ मौसम विभाग द्वारा भी भारी वर्षा की कोई चेतावनी नहीं दी गई है, जिससे हालात फिलहाल नियंत्रण में हैं ।गंगा के जलस्तर में गिरावट एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की अनिश्चितता और अचानक बाढ़ जैसी आपदाएं भविष्य में किसी भी समय उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए प्रशासन को दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी, जिसमें तटबंधों की मजबूती, बाढ़ से पहले की पूर्व तैयारी और ग्रामीणों को जागरूक करने जैसे बिंदु शामिल हों।

# जमीनी विवाद में दो सगे भाइयों में खूनी संघर्ष , मां-बेटा घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम फतेहपुर खालसा में जमीन विवाद के चलते शनिवार को दो सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक पक्ष की महिला और उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। क्या है मामल... गांव निवासी अमीर हसन पुत्र सिरजम का अपने सगे भाई नूरहसन से लंबे समय से गांव के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को नूरहसन पक्ष ने कथित तौर पर जहां रास्ता नहीं था, वहां से जबरन चकरोड निकालने की कोशिश की। जिसका विरोध अमीर हसन की पत्नी अकीरन (50) ने किया ।पीड़ित पक्ष के अनुसार, विरोध के दौरान नूरहसन के पुत्र परवेज ने अकीरन पर तबल (धारदार हथियार) से हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर खड़ंजे पर गिर गई और घंटों वहीं पड़ी रही। वहीं, उसे बचाने दौड़ा बेटा इरशाद (20) भी हमले का शिकार हुआ। उसके पैरों पर भी धारदार हथियार से वार किया गया ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने दोनों घायलों को सीएचसी बांगरमऊ भिजवाया। जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलते ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अमीर हसन ने बताया कि उनकी पत्नी अकीरन की हालत बेहद नाजुक है। जैसे ही उन्हें होश आता है, हम पुलिस को तहरीर सौंपेंगे।

# गोकशी के आरोपियों पर कार्रवाई

**अलीगढ़ में 10 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट, 2.20 करोड़ की संपत्ति जब्त**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , थाना बरला पुलिस ने एक महिला सहित 10 गोकशी के आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने इन आरोपियों की 2 करोड़ 20 लाख रुपये की अवैध संपत्ति भी जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदिल पुत्र मेहदी हसन, मेहदी हसन पुत्र बुद्धा खान निवासी पिलखाना, मेहरूद्दीन पुत्र रहमान खान, फिरोज पुत्र रज्जु खान निवासी सत्रापुर थाना छर्रा, साहिल पुत्र शमशेर खान निवासी नगला बादशाह थाना छर्रा, इसरार पुत्र यामीन खान निवासी नगला बादशाह, मुशीर पुत्र बुद्धा खान निवासी पिलखाना, मुफीद पुत्र बुद्धा खान निवासी पिलखना और एक महिला आसमा पत्नी मोहिद पिलखना को बरला व अकराबाद के बॉर्डर पर काली नदी से गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों ने 4 जुलाई को थाना बरला क्षेत्र के कस्बा पिलखना स्थित दुकान में गोमांस काटकर एक स्विफ्ट कार में बिक्री के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने चेकिंग के दौरान बरला मोड पर इन आरोपियों से गोमांस बरामद किया था। इस संबंध में थाना बरला पर मुकदमा दर्ज किया गया था और 4 आरोपियों को उसी समय गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने गोकशी के आरोपियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित पिलखना स्थित संपत्ति करीब 2 करोड़ 20 लाख रुपये को जब्त किया है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना बरला पुलिस द्वारा संगठित अपराध करने के लिए गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

## संक्षेप

### केंद्रीय कर्मचारी को हनीट्रैप में फंसाया

**फेसबुक पर दोस्ती की, 4.5 लाख रुपए ठगे, मुकदमा दर्ज होने पर जान से मारने की धमकी**

मेरठ, टीपीनगर थाना क्षेत्र के निवासी केंद्रीय कर्मचारी विवेक को एक महिला ने हनीट्रैप में फंसाकर 4.5 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने बृहस्पतिवार को अपने परिवार के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। विवेक वर्तमान में उत्तराखंड के देहरादून में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले उनके फेसबुक अकाउंट पर कंचन नामक एक युवती ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। विवेक ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि युवती ने उसे हनीट्रैप में फंसाते हुए उसके फोटो आपत्तिजनक तरीके से एडिट किए। इसके बाद व्हाट्सएप पर भेजकर झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। इस दबाव में विवेक ने युवती को 4 लाख 50 हजार रुपये दे दिए। काफी शिकायतों के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी युवती और उसका पिता विवेक को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी के पिता ने पुलिस अधिकारियों से फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विवेक ने बताया कि 16 जुलाई को जब वह पेट्रोल भरवाने जा रहे थे, तब दो युवक उनके पास आए।

### किसान यूनियन ने येड़ा अधिकारियों से की बैठक

**जमीन अधिग्रहण और मुआवजे पर चर्चा, जल्द मुख्यमंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल**

बुलंदशहर, यमुना विकास प्राधिकरण में भारतीय किसान यूनियन भारत और अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में येड़ा के मुख्य कार्यपालक राकेश कुमार सिंह और अपर मुख्य कार्यपालक शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह ने किसानों की प्रमुख समस्याओं को रखा। इनमें जमीन अधिग्रहण और मुआवजे से जुड़े मुद्दे शामिल थे। अधिकारियों ने इन समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेगा। वे अपनी समस्याओं का समाधान खोजने का प्रयास करेंगे।

### स्टेशन के पास मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका, पुलिस शिनाख्त में जुटी**

बुलंदशहर, खुर्जा सिटी स्टेशन के समीप एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई होगी। शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। घटना की सूचना मिलते ही खुर्जा पुलिस मौके पर पहुंची। खुर्जा कोतवाली प्रभारी राजपाल तोमर के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# कागजों में सिमट कर रह गया अमौली ग्राम पंचायत का विकास

## नेताओं के बड़े-बड़े बोल दिख रहे सफेद हाथी , फिर आई पर्यटक स्थल की सौगात

### सफाई कर्मी नाम हुआ समाप्त चारों तरफ फैली गंदगी

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। वर्तमान सरकार की विकास प्रणाली कुछ क्षेत्रों में शून्य स्तर पर आज भी दिखाई दे रही है निम्न स्तर के कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण विकास मार्ग पर जगह-जगह अवरोध उत्पन्न हो रहे हैं फतेहपुर जनपद का अमौली विकास खंड ग्राम पंचायत एक जीता जागता उदाहरण बन कर रह गया है जहां की अव्यवस्थाएं दशकों से सुधार पर आने की हालत में नहीं आ रही हैं

#### नगर पंचायत का प्रस्ताव ठंडे बस्ते पर

विकासखंड ग्राम पंचायत की जनसंख्या संपूर्ण होने के पश्चात भी ग्राम पंचायत अभी तक नगर पंचायत में परिवर्तित नहीं हुआ पूर्व काल में जहानाबाद विधानसभा से विधायक रहे पूर्व राज्य कारागार मंत्री जयकुमार सिंह जैकी एवं वर्तमान विधायक पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे को केवल आश्वासन देकर छोड़ दिया जिसके कारण ग्राम पंचायत नगर पंचायत में परिवर्तित होना एक टेढ़ी खीर बनकर रह गया है

#### पर्यटक स्थल समेत चारों ओर फैली गंदगी

हाल ही में क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयास से पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रदेश मंत्री जयवीर सिंह ने अमौली ग्राम पंचायत के मां दुर्गा पूजा एवं गायत्री मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया जहां मंदिर के ठीक पीछे बने प्राथमिक विद्यालय तथा पुलिस चौकी के समीप खचाखच भरा हुआ कूड़ादन तथा चारों ओर फैली गंदगी कीचड़ से भारी नालियां वर्तमान सरकार को शर्मसार करती नजर आ रही है ठीक इसी प्रकार अमौली कस्बे के चारों ओर की गलियां कस्बे की विकास दर स्पष्ट प्रदर्शित कर रही है

#### अब सफाई होगी या पंचायत करेंगे कर्मचारी

पंचायती राज विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एस एन सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए सफाई विभाग के कर्मचारियों का नाम सफाई कर्मी की जगह पंचायत कर्मी घोषित किया कस्बे में वर्षों से सफाई कर्मचारी को झाड़ू लेकर निकलना उसके स्वाभिमान के खिलाफ था अधिकतर कर्मचारी अपने स्थान पर 100 रुपए प्रतिदिन के मजदूर को लगाकर कभी-कभी सफाई कार्य करा देते थे महीनों से वह भी नदारत है विभाग ने वर्तमान में समूचे ग्राम पंचायत में दो सफाई कर्मचारी नियुक्त किया हैं जबकि कस्बे में जनसंख्या अधिक होने के कारण अन्यकर्मचारियों की नियुक्ति होना अति आवश्यक है

#### प्रतीक्षालय की राह देख रही जनता

ग्राम पंचायत के लिए लगभग दो पंचवर्षीय पूर्व पूर्व राज्य कारागार मंत्री ने कस्बे के मुख्य चौराहे पर एक प्रतीक्षालय निर्मित कराने की घोषणा की थी जो आज भी कागजों में सिमट कर रह गई है जनप्रतिनिधि के बदलाव होने के बाद भी वर्तमान विधायक से ग्रामीणों ने कई बार इस मुद्दे को उठाते हुए प्रतीक्षालय निर्मित कराने की अपील की परंतु हर बार मात्र आश्वासन बनकर यह सभी विकास कार्य रह गए शिक्षा के मंदिरों के बाहर फैला कूड़ा कचरा जगह-जगह चोक पड़ी नालियां विकासखंड मुख्यालय के ठीक बगल में लाल पुरुषोत्तम दास ज्वैलर्स द्वारा निर्मित कराया गया शौचालय जो आज तक संचालित नहीं हुआ आज विकास दर को प्रदर्शित करते हुए वर्तमान सरकार की पोल खोल रहा है अगर इसी प्रकार सभी प्रस्ताव और विकास कार्य केवल कागजों पर सिमट कर रह जाएंगे तो अमौली ग्राम पंचायत का विकास होना असंभव दिख रहा है

# विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**चारपाई पर मिला शव, पास में सोए थे दो मासूम बच्चे; पति खेत से लौटा तो हुआ खुलासा**



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, गंगापार स्थित सोरांव थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव में शनिवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर के अंदर चारपाई पर मिला, जबकि उसके पास ही उसके दोनों मासूम बच्चे सो रहे थे। घटना का पता तब चला जब महिला के पति बृजेश कुमार पटेल खेत से लौटे। उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और किसी तरह दरवाजा खोला गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। सीमा का शव चारपाई पर पड़ा था और उसके दोनों बच्चे पास ही सो रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, बृजेश की शादी सीमा से 2016 में हुई थी। वह खेती-किसानी करके अपना परिवार चलाता था।

ग्रामीणों का आरोप है कि बृजेश नशे का आदी था और अक्सर सीमा से विवाद और मारपीट करता था। इस कारण महिला की मौत को लेकर हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

# सर्प ने वृद्ध को तीन बार डंसा, मौत



**खेतों में काम करते समय सांप ने काटा, अंतिम संस्कार के दौरान घर में दिखा सांप**

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, बछरावां के नंदखेड़ा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। शनिवार सुबह 62 वर्षीय परीदीन पुत्र बाबूलाल को खेतों में काम करते समय एक सांप ने तीन बार डंस लिया। सर्पदंश के बाद परीदीन अपने खेत से घर की ओर जाने लगे। रास्ते में वह बेसुध होकर गिर गए। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक परीदीन की मृत्यु हो चुकी थी। परिवार ने मृतक का अंतिम संस्कार शुरू कर दिया। घर में मातम का माहौल था और महिलाएं विलाप कर रही थीं। इसी दौरान घर के दरवाजे पर एक सांप दिखाई दिया। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। अंतिम संस्कार स्थल से परिजन और ग्रामीण तुरंत घर पहुंचे। सपेरे को बुलाकर सांप को पकड़वाया गया। इसके बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। इस घटना से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इंचार्ज थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाही की जाएगी।

# डॉक्टरों ने दुर्लभ सर्जरी कर किडनी ट्रांसप्लांट किया

**डोनर की किडनी से हटाया ट्यूमर फिर किया गया ट्रांसप्लांट, छह दिन में मिल गई छुट्टी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-128 स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नोएडा में डॉक्टरों की टीम ने एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस प्रक्रिया में एक एबीओ-इन्कंपेटिबल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। जिसमें डोनर की किडनी से एक ट्यूमर भी हटाया गया। इस तरह का ऑपरेशन ट्रांसप्लांट सर्जरी में बहुत ही कम मामलों में किया गया है। 60 साल के मरीज जिनका ब्लड ग्रुप बी पाजीटिव था, दो सालों से डायलिसिस पर थे। उन्हें जल्द किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता थी। उनके लिए उपयुक्त डोनर उनकी 58 साल की पत्नी ही थीं। जिनका ब्लड ग्रुप ए पाजीटिव था, जो इन्कंपेटिबल था। अन्य कोई विकल्प न होने के कारण ट्रांसप्लांट टीम ने इस चुनौती पूर्ण प्रक्रिया को करने का निर्णय लिया। सर्जरी से पहले की जांच के दौरान, डोनर की बाई किडनी में लगभग 4.2 सेंटीमीटर का बेनाइन ट्यूमर पाया गया, जो एक गोल्फ बॉल के आकार के बराबर था, जिससे सर्जरी और अधिक जटिल हो गई। यूरोलॉजी, रोबोटिक्स व किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. अमित के देवरा ने बताया कि अधिकांश मामलों में इस तरह के ट्यूमर को किडनी निकालने के बाद 'बेंच सर्जरी' तकनीक से हटाया जाता है। लेकिन इस सर्जरी में ट्यूमर हटाना और एबीओ-इन्कंपेटिबल ट्रांसप्लांट एक साथ करना बहुत अधिक को-ऑर्डिनेशन और प्रिसिशन की मांग करता है। उन्होंने आगे बताया, एबीओ-इन्कंपेटिबल ट्रांसप्लांट में मरीज के रक्त में मौजूद एंटीबॉडी को कम करने के लिए प्लाज्माफेरेसिस की आवश्यकता होती है, ताकि ऑर्गन रीजैक्शन का खतरा घटाया जा सके।

# सोसाइटी से स्कूटी चोरी

**मुंह पर कपड़ा बांधकर आया चोर, सीसीटीवी में वारदात कैद**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, बिसरख थाना क्षेत्र की पंचशील ग्रीन वन सोसाइटी से स्कूटी चोरी का मामला सामने आया है। सोसाइटी निवासी कौशल किशोर की स्कूटी पार्किंग से गायब हो गई। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक को वारदात को अंजाम देते हुए देखा गया है। कौशल किशोर ने बताया कि जब वह बाजार जाने के लिए पार्किंग में आए तो स्कूटी वहां नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी नहीं मिली तो उन्होंने सिक्योरिटी और एओए के पदाधिकारियों को सूचित किया। सीसीटीवी फुटेज की जांच में देखा गया कि एक युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आया। वह फोन पर बात करते हुए स्कूटी के पास गया और लॉक खोलकर स्कूटी लेकर फरार हो गया। सोसाइटी के अंदर से स्कूटी चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित ने पहले एओए से शिकायत की। इसके बाद सभी लोग बिसरख थाने गए और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।




# नोएडा में जलभराव, ठेकेदार कंपनी पर एक लाख का जुर्माना

**अधिकारियों के निरीक्षण में मिली गंदगी, निकासी के लिए नाला चौड़ा करने को कहा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, शहर में जलभराव का कारण तलाशने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री सड़क पर उतरे। उन्होंने एपी वन, टू, थ्री मार्ग, जोनल रोड नंबर-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 व 63 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) विजय कुमार रावल, परियोजना अभियंता प्रथम गौरव बंसल, सहायक परियोजना अभियंता अरुण कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर नालों की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दए। संजय कुमार खत्री ने देखा कि सेक्टर-60 की ओर से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया, लेकिन नाले पर बनी कलवर्ट से आगे पानी का फ्लो धीरे है। इस पर कलवर्ट की मैपिंग करा कलवर्ट को ठीक कराए जाने का निर्देश दिया। सेक्टर-58 में भूखंड संख्या सी-29 के सामने मार्ग पर गंदगी एवं जलभराव मिला, ठेकेदार कंपनी एसपी गावर्मेंट कांट्रेक्टर एंड सप्लायर पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया।

नालों की सफाई के लिए हटाए गए एसएफआरसी कवर को दोबारा नाले रखने के निर्देश दिए गए। जोनल रोड नंबर-6 के साथ बने मुख्य नाले का निरीक्षण में अधिक मात्रा में फ्लोटिंग मटेरियल व सिल्ट भरी हुई मिली। तत्काल प्रभाव से सफाई कराने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में सेक्टर-1 से 8, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62 व 63 में निर्मित कल्वर्ट का लेवल नीचा है। ऐसे कल्वर्ट का निरीक्षण कर चिह्नित कर लिया जाए व आईआईटी रूड़की से लेवल का परीक्षण करा लिया जाए। नालों की चौड़ाई बढ़ाई जाए।

# 10 दिन डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 1.5 करोड़

## मानव अंगों की तस्करी का दिखाया डर, बैंक कर्मी को हुआ शक तो दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, मानव अंगों की तस्करी और मनिलॉड्रिंग केस में फसाने का डर दिखाकर साइबर अपराधियों ने विधवा महिला के साथ डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की। महिला को ठगों ने 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। बैंककर्मी महिला की मदद से पीड़िता की एफडी तुड़वाने से बच गई। महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक तथाकथित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एनटीपीसी हाउसिंग सोसाइटी निवासी चित्रा सिंह ने बताया कि उनके पति किशोर कुमार सिंह एनटीपीसी में अधिकारी थे। उन्होंने पत्नी के नाम कुछ रकम बैंकों में जमा कर रखी थी। आठ जुलाई को चित्रा के पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस का कर्मचारी बताया। कथित पुलिसकर्मी ने महिला से कहा कि उसके आधारकार्ड समेत अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल मानव अंगों की तस्करी और मनिलॉड्रिंग केस में हुआ है। इस पूरे सिंडिकेट का नरेश गोयल से लिंक है। एजेंसियों को शक है कि महिला भी उसी सिंडिकेट का हिस्सा है। महिला को जेल जाने का डर दिखाया गया। इसके बाद ठगों ने चित्रा को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। कथित सीबीआई अधिकारियों से भी महिला की बात कराई गई। पुलिसकर्मियों ने महिला से कहा कि वह उसकी मदद करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन पूछताछ करने का विकल्प चुनने के लिए कहा। जांच के नाम पर महिला के खाते में जमा डेढ़ करोड़ रुपए अलग-अलग यह कहकर ट्रांसफर कराए गए कि प्रक्रिया पूरी होते ही रकम मूल खाते में वापस चली जाएगी। महिला इतना डर गई थी कि ठगों के कहने पर वह बार-बार बैंक जाती और अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करती। चित्रा को देखकर बैंक में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी को लगा कि वह परेशान है। महिला कर्मचारी ने चित्रा से कहा कि अभी कुछ दिन पहले उसने लोन के लिए आवेदन किया था। अब अचानक से खाते से इतने पैसे निकाल रही है। एफडी तुड़वाने की क्या आवश्यकता है।

इसके पीछे क्या कारण है। महिला कर्मचारी ने यह भी कहा कि अगर वह ठगों के जाल में फंस गई है तो बताए ताकि मदद की जा सके। इसके बाद महिला कर्मचारी ही पीड़िता को थाने ले गई और ठगों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# दो युवकों को मारी गोली

**एक के पैर तो दूसरे की कमर में लगी, नाई की दुकान पर करा रहे थे कटिंग**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मवाना थाना क्षेत्र के अमरगढ़ गांव में दो युवकों को दिनदहाड़े गोली मार दी गई है। दोनों युवक एक ही गांव ऐंची थाना परीक्षितगढ़ के रहने वाले हैं। दोनों एक ही बाइक पर अमरगढ़ गांव में नाई की दुकान में कटिंग कराने आए थे। ऐंची गांव निवासी 23 साल का रितिक और 26 साल का कुलदीप कटिंग करा रहे थे। तभी अज्ञात 8 युवक दो बाइकों से आए। आरोपियों ने दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक गोली रितिक के पैर और कुलदीप के कमर में लगी है। दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। आरोपी फायरिंग करके फरार हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। घायल युवक कुलदीप ने बताया कि हम बाल कटवा रहे थे तभी कुछ लड़के आए और फायरिंग करके चले गए।

# डिबाई में दुकानों से चोरी का खुलासा

**शातिर चोर समेत तीन गिरफ्तार, तांबे का तार और साइकिल बरामद**

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, थाना डिबाई पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 किलो तांबे का तार और एक रेंजर साइकिल बरामद की है। चोरी का सामान खरीदने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी की पहचान रोहित पुत्र संतोष उर्फ चीनी सिंह के रूप में हुई है। वह ग्राम कुमरुआ का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। इस आरोपी ने रात को सामान चुराकर दो दुकानदारों को चोरी का माल बेचा था। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी चोरी का माल बेचता था। इस अवैध कार्य में माल खरीदने वाले दो लोग भी शामिल थे। गिरफ्तार खरीददारों के नाम ऋषिपाल सिंह पुत्र महीलाल, निवासी लक्ष्मीपुर और सोनू उर्फ राजी पुत्र अनिल कुमार हैं। तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी रोहित पर पहले से भी दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली रवि रतन सिंह, उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक विनय कुमार, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार और ब्रजेश कुमार शामिल रहे। क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार के पर्यवेक्षण में की गई यह कार्रवाई नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# चाउमीन-मोमोज बेचने वाले भाइयों पर दबंगों का कहर

**रंगदारी नही देने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा, बरेली में चल रहा इलाज**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, चाउमीन और मोमोज बेचने वाले दो भाइयों पर दबंगों द्वारा किए गए हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कटरा थाना क्षेत्र के ताहवरगंज निवासी अभिषेक उर्फ छोटू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसके अनुसार उसके भाई आलोक और विवेक घास मंडी पुलिया के पास चाउमीन और मोमोज की दुकान चलाते हैं। शिकायत के मुताबिक, रिशु गुप्ता, नितिन गुप्ता, यश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पूर्व कोटेदार आकाश, मकोका गैंग के अरसलान पठान, समीर और रजत अपने 35-40 साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे। रिशु गुप्ता ने रंगदारी मांगी, जिसे भाइयों ने देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने तलवार से हमला कर दिया, जिससे एक भाई के सिर में गंभीर चोटें आईं। नितिन ने गुल्लक से 3500 रुपये भी निकाल लिए। आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। एक में दबंग लाठी-डंडे लेकर जाते दिख रहे हैं, दूसरे में मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। घायलों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## मूसलाधार बारिश के चलते कच्चे आशियाने हुए धराशायी, कई पेड़ भी गिरे

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पूरे जिले में मानसून छा जाने से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश से जहाँ एक ओर जनमानस ने गर्मी से तो राहत पायी वही दूसरी ओर हवा के साथ भयाभय बारिश देख लोगो के दिल काँप उठे आम जनमानस तूफान की आशंका से अपने घरो मे दुबका रहा। बीती शाम को करीब दो घन्टे मूसलाधार बारिश के बीच कच्चे मकान जमीदोज हो गये। पनवाडी कस्बे के तिवारीपुरा निवासी हल्के तिवारी का कच्चा मकान गिरने से क्षति हुयी है। इसी के साथ मैन बाजार के समीप तेज हवा चलने के एक बेरी का पेड गिर गया। सूनसान सड़क होने से कोई हताहत नही हुआ। शनिवार की दोपहर से भी तेज मूसलाधार बारिश जारी है लोग बारिश से बचाव के लिए अपने घरो में दुबके बैठे है। इसके अलावा मजदूरो के सामने निरन्तर वर्षा के कारण रोजी रोटी की समस्या आन खड़ी है।

## कजली मेले में झूला लगाने के लिए 30 जुलाई तक जमा होंगे आवेदन पत्र

अमन लेखनी समाचार

महोबा। महोबा संरक्षण एवं विकास समिति के तत्वाधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कीरत सागर तट पर कजली मेला का आयोजन 10 से 24 जुलाई तक सम्पन्न होना प्रस्तावित है। कजली मेले में समिति द्वारा निर्धारित स्थान पर झूला लगाने हेतु आवेदन पत्र 28 से 30 जुलाई के मध्य सुबह 10 से सायं 5 बजे तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय विकास भवन के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने हेतु 28 से 30 जुलाई के मध्य प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास भवन के कार्यालय में आवेदक के आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा प्रतिभूति शुल्क 20 हजार नकद के साथ जमा किया जायेगा। 31 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से 2 बजे के मध्य प्राप्त वैध आवेदन पत्रों के आधार पर खुली बोली के माध्यम से सर्वाधिक बोली लगाने वाले आवेदनकर्ता के पक्ष में आवंटन किया जायेगा। खुली बोली का आधार मूल्य चार लाख निर्धारित किया गया है।

## ब्लाक संसाधन केंद्र कुछेछा में प्रधानाध्यापकों की हुई मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ब्लाक संसाधन केंद्र कुछेछा में क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने ली। बैठक में शत प्रतिशत डीबीटी, बच्चों के प्रेरणा पोर्टल पर अपडेशन, विद्यालयों के संतृप्तीकरण, कायाकल्प, जवाहर नवोदय विद्यालय के आवेदन, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा, डीबीटी, पाठ्य-पुस्तक वितरण तथा अगस्त में चलने वाले डिप्थीरिया टीकाकरण व कृषि दिवस पर चर्चा हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक विद्यालय से पांच पांच बच्चों को नवोदय विद्यालय व इंस्पायर अवार्ड में आवेदन कराने के निर्देश दिए। एआरपी विज्ञान अकबर अली ने स्कूल रेडीनेस, दीक्षा, निपुण लक्ष्य एप, शिक्षक संदर्शिकाओं के उपयोग व महत्व को बताया। बैठक में डॉ.परवेज कादरी, अखिलेश कुमार यूनीसेफ ब्लाक कोआर्डिनेटर, अभिषेक त्रिपाठी व नीतेन्द कुमार त्रिपाठी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## फ्रीजर की टोंटियां गायब, चैयरमैन से ठीक कराये जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। 26 जुलाई कस्बा कुरारा के बेरी तिराहा में लगे फ्रीजर में लगे नल में टोंटी न होने के कारण पानी रात दिन बहकर बर्बाद हो रहा है। तथा सफाई व्यवस्था न होने से गंदगी बनी हुई है। कस्बे के बेरी तिराहे में लोगों को पेयजल के लिए नगर पंचायत का फ्रीजर लगा है लेकिन यह अस्त व्यस्त अवस्था में है। इसमें केवल सप्लाई का पानी आता है नगर पंचायत द्वारा इसको गर्मी के मौसम में भी नहीं ठीक कराया गया है। यह पूर्व चेयरमैन द्वारा लगाया गया था। इसमें पानी निकास की टोटी काफी समय से खराब है। जिससे रात दिन पानी बहकर बर्बाद होता रहता है। बेरी तिराहा में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है। तथा भीड़भाड़ रहती है। लोग पानी इसी से पीते हैं। तिराहे के पास दुकानदारों ने बताया कि फ्रीजर में टोटी न होने के कारण पीने वाला पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। तथा फ्रीजर के आपस गंदगी बनी हुई है। जिसकी कभी सफाई नहीं होती है।

## युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण

**युवक मंगल दल एवम महिला मंगल दलों को दी गयी खेल सामग्री**

**मंगल दलो के युवक, युवतियां खेल सामग्री पाकर हुये खुश**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। कलेक्ट्रेट में ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार में युवक मंगल दल एवम महिला मंगल दलों को युवा कल्याण विभाग एवम प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया जिससे विकास खंड-कुरारा, मौदहा, सुमेरपुर, मुस्करा ब्लाक के मंगल दलों एवम महिला मंगल दलों को सामग्री वितरित की गयी कार्यक्रम का संचालन जिला युवा कल्याण अधिकारी राहुल सिद्धार्थ एवम क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार वर्मा की देख रेख में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, विशिष्ट अतिथि राठ विधायक मनीषा अनुरागी, हमीरपुर चैयरमैन कुलदीप निषाद एडीएम एवम जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार वर्मा ने युवक मंगल दल के कार्यो के बारे मे जानकारी दी साथ ही दलों के लोगों से सामाजिक भागीदारी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये जागरूक किया उन्होंने कहा कि युवक मंगल दल ग्रामीण क्षेत्रों मे दबी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने व आगे बढ़ने मे सहयोग करे एवम समाज मे युवाओ को एवम समाज के अन्य लोगों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, रक्त दान, जैविक खेती, व्यायाम, महिला को उनके अधिकारो की जागरूकता जैसे कार्यक्रमों के लिये बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये प्रोत्साहित किया।

## आरओ-एआरओ परीक्षा के लिए 35 अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा 27 जुलाई को होगी। परीक्षार्थियों को आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के लिए रोडवेज प्रशासन ने 35 अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। ये अतिरिक्त बसें 26 जुलाई शाम से संचालित की जाएंगी। स्थानीय डिपो से लखनऊ के लिए 20 बसें, प्रयागराज के लिए 3 बसें तथा वाराणसी, कानपुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव और सीतापुर के लिए भी बसों की व्यवस्था की गई है। एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित मार्गों पर बसें लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। रोडवेज प्रशासन का प्रयास रहेगा कि परीक्षा देने जा रहे और परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बस अड्डे पर अभ्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाएगा, जिससे उन्हें आवश्यक जानकारी और सहायता मिल सके।

## ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित




अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायत एडवांसमेंट सूचकांक (पी०ए०आई०) 2.0 एवं ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित ब्लॉक स्तरीय सदस्यों साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी सल्तनत परवीन द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि विषयगत 9 थीम पर फोकस करते हुए पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं की निगरानी एवं पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य की प्राप्ति का आंकलन करने हेतु पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 के ग्रेडिंग के माध्यम से किया जायेगा। जनपद की समस्त ग्राम पंचायतें बेहतर तरीके से इसके डाटा को अपलोड करें जिससे जनपद की ग्रेडिंग अच्छी हो सके।

## अनफिट स्कूली वाहन से दुर्घटना होने पर विद्यालय प्रबंधन की होगी जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



महोबा। परिवहन विभाग के तत्वाधान में स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है। परिवहन आयुक्त ने स्कूल प्रबंधन को अनफिट वाहन से स्कूल के बच्चे न लाने का आदेश दिया है। चेतावनी दी है कि अनफिट वाहन से दुर्घटना हुई तो विद्यालय प्रबंधन ही जिम्मेदार होगा। संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्य वाही की जाएगी। एआरटीओ दयाशंकर व पीटीओ की अगुवाई में चलाए जा रहे अभियान में 14 स्कूली वाहनों को सीज करते हुए विभिन्न थानों को सुपुर्द किया गया है। वर्तमान में कई स्कूल वाहन बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के शेष हैं। अभियान के दौरान विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि सभी स्कूली वाहन को वैध फिटनेस व परमिट होने के बाद सभी मानकों को पूरा करना होगा। परिवहन आयुक्त ने विद्यालय वाहनों के संचालन, सुरक्षा मानकों, विधिक व्यवस्थाओं एवं उक्त अभियान के तथ्यों के आधार पर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई करने को कहा है कि स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, कानूनी एवं तकनीकी मानकों के पालन कराया जाए। किसी भी विद्यालय के अनफिट वाहन से दुर्घटना होती है तो उसके लिए विद्यालय प्रबंधन जिम्मेदार होगा। सभी विद्यालय प्रबंधन से संचालित सभी स्कूली वाहनों का तकनीकी रूप से ठीक कराते हुए वाहनों के प्रपत्र पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

## सृजन एक सोच की वार्षिक बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर, राठ। सामाजिक संस्था सृजन एक सोच की वार्षिक बैठक शुक्रवार को नगर के तिरुपति रिसॉर्ट में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक प्रभात सक्सेना और विकास कुमार तिवारी ने की। देशभर से संस्था के विभिन्न केंद्रों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी एक साल रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में संस्था द्वारा बीते वर्ष किए गए सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई। इस अवसर पर सृजन नीर नामक एक नई परियोजना का ऐलान किया गया, जिसका औपचारिक उद्घाटन शनिवार को किया जाएगा। संस्था के प्रभात सक्सेना ने बताया ये योजना शिवांक श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में संचालित होगी। इस परियोजना के अंतर्गत आरओ वाटर प्लांट व बॉटलिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। जिससे जो भी लाभ होगा वो गरीब बच्चों की शिक्षा में खर्च होगा। संस्था के संस्थापक प्रभात सक्सेना ने बताया कि सृजन एक सोच शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और असम में काम करती है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों तक पहुंचना और जमीनी बदलाव लाना है।

बैठक में संस्था के विभिन्न प्रोग्राम प्रबंधकों ने अपनी अपनी एक साल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान शालिनी तिवारी ने फीडिंग इंडिया कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसके तहत अगले दो वर्षों तक बच्चों को पौष्टिक नाश्ता और दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। गोविंद ने शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। ओमशंकर प्रजापति ने जमीनी कार्यों के दौरान आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान की व्याख्या की। बैठक के समापन पर संस्था के सह-संस्थापक विकास कुमार तिवारी ने कहा कि, हर वर्ष यह वार्षिक बैठक हमें आत्ममंथन का अवसर देती है और समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सशक्त करती है। वार्षिक बैठक के दौरान डायरेक्टर राधिका प्रसाद ईडा ने सृजन के सभी वॉलेंटियर्स की समस्याओं को सुनाकर उनके निदान की बात कही। वहीं संस्था के मेंटर अश्वनी शर्मा ने सृजन टीम को और भी सामाजिक कार्य करने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। विनय गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान अक्षय पवार, बाराबंकी से राज गुप्ता, दीपशिखा, शैल्या, अनामिका, कानपुर से ओम शंकर, लखनऊ से अमन, अभिषेक, बुंदेलखंड से प्रशांत चौरसिया, महेंद्र, मनीष आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने गढोखर धाम तालाब में पानी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

महोबा। विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम पंचायत देवगनपुरा में गढोखर धाम तालाब में पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। ग्राम प्रधान संतोष राजपूत के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पनवाड़ी के खंड विकास अधिकारी (पीडीए) विपिन कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। ज्ञापन में ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि एक गांव के ही कुछ लोगों ने पानी के प्राकृतिक प्रवाह को रोकने के लिए अवैध बांधबंदी कर दी है जिसके चलते गढोखर धाम तालाब में जलभराव नहीं हो पा रहा है। यदि इस समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में अन्ना जानवरों और किसानों के लिए पानी की भारी किल्लत हो जाएगी। किसानों का कहना है कि तालाब में पानी न होने से फसलों की सिंचाई प्रभावित होगी और मवेशियों के लिए भी पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पहले इस तालाब से आसपास के गांवों को पर्याप्त पानी मिलता था लेकिन अब पानी की राह रोकने से यह तालाब सूखने की कगार पर है।

इस अवसर पर महेंद्र पाल तिवारी, रामसनेही, अमरचंद, परमानंद, नंदराम, राहुल, धीरेंद्र, महेंद्र कुमार, बृजेंद्र सिंह, आसाराम, आशीष, नरेंद्र, देशराज, देवेंद्र, सूरज, कृष्ण कुमार, खलक सिंह, मानसिंह, मैयादीन, सुरेंद्र कुमार, धनीराम और राधेश्याम सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी ने पानी का प्रवाह अवरुद्ध किया है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही तालाब में जलभराव सुनिश्चित करने के उपाय किए जाएंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासनिक हस्तक्षेप से तालाब में पानी भरने की समस्या जल्द ही हल होगी।

## संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में 4 अगस्त को विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




झाँसी। संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी दिनांक 4 अगस्त दिन सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में देशभर की पवित्र नदियों से जल एकत्रित कर यात्रा ललितपुर के पावन मंदिर प्रंगरण से प्रारंभ होकर पदयात्रा करते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के साथ समाप्त होगी। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए मुख्य आयोजक डॉक्टर संदीप ने कहा सनातन धर्म में श्रावण मास का विशेष महत्व है यह माह देवाधिदेव महादेव को समर्पित है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी हम यात्रा का भव्य आयोजन करने जा रहे हैं इस यात्रा में विशाल कावड़िया झांकी एवं पुष्प वर्षा के साथ कानपुर के कलाकारों द्वारा भोले एवं अघोरी तांडव नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा में उज्जैन से विशाल धमाल ढोल आमंत्रित किए गए हैं, यात्रा की अगुवाई में विशाल तोपें पुष्प वर्षा करते हुए चलेंगीं। साथ में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप रथ व बग्गियों पर उपस्थित रहेंगे। यह यात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक व विशाल भंडारे के साथ समाप्त होगी। आगे जानकारी देते हुए संघर्ष सेवा समिति के ललितपुर जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री सचिन दुबे ने बताया हमारा संगठन प्रत्येक वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन करता है। सावन के अंतिम सोमवार के दिन यह यात्रा सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहेंगे। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए हमारी पूरी टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एमएलसी रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सदर विधायक राम रतन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, अभिलाषा ग्रुप से मुन्नालाल जैन, भाजपा के जिला मंत्री निखिल तिवारी, समाजसेवी बी. के. सरदार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के झांसी व ललितपुर जनपद के पदाधिकारी एवं सदस्य गण आनंद अंतू सोनी, अमर ज्वेलर्स संरक्षक, गजेंद्र सिंह बुंदेला, देवेंद्र बोरवेल्स संरक्षक, सोनू ठाकुर मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद परमार विभाग महा मंत्री, दिनेश साहू जिला महामंत्री, छोटे चौबे जिला उपाध्यक्ष, अरविंद पलया जिला मंत्री, बबुआ राजा, रोहित दुबे, चंदन राजा, तुलाराम शर्मा, विशाल ताम्रकार, रॉबिन साहू, आनंद रायकवार, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, राहुल रायकवार, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, बसंत गुप्ता, राजू सेन, राकेश अहिरवार, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, सुशांत गेडा, सूरज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाना चरखारी में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना चरखारी में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर, शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए ह्न इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश के साथ थाना कोतवाली नगर में उपस्थित रहकर संयुक्त रुप से फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 27 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 6 शिकायतें पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी, इनमें से दो- दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है जबकि शेष शिकायतों के समाधान एवं निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

## एडीएम और एएसपी ने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। जनपद में प्रस्तावित सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने केन्द्रों की व्यवस्थाओं का भौतिक रूप से जायजा लिया और वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पेयजल, स्वच्छ शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन यंत्र, महिला परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं आदि पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने संबंधित केन्द्र प्रभारियों व व्यवस्था में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है, प्रत्येक केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा का आयोजन नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल में सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## विकास खण्ड सुमेरपुर के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक सम्पन्न हुई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आज ब्लाक संसाधन केंद्र कुछेछा में विकास खंड सुमेरपुर के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक प्रभाकर सिंह तोमर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर द्वारा ली गयी। बैठक में शत प्रतिशत डीबीटी, बच्चों के प्रेरणा पोर्टल पर अपडेशन, विद्यालयों के संतृप्तीकरण, कायाकल्प, जवाहर नवोदय विद्यालय के आवेदन, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा, डीबीटी, पाठ्य-पुस्तक वितरण तथा अगस्त में चलने वाले डिप्थीरिया टीकाकरण व कृषि दिवस पर चर्चा हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक विद्यालय से पांच पांच बच्चों को नवोदय विद्यालय व इंस्पायर अवार्ड में आवेदन कराने के निर्देश दिए। एआरपी विज्ञान अकबर अली ने स्कूल रेडीनेस, दीक्षा, निपुण लक्ष्य एप, शिक्षक संदर्शिकाओं के उपयोग व महत्व को बताया

## मोदी एवं योगी सरकारे संविधान एवं आरक्षण विरोधी-विधायक

**पीडीए प्रकाश स्तंभ सभा में गरजे सपाई**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग में हरिप्रिया गेस्ट हाउस में सपा द्वारा आयोजित संविधान मान स्तंभ एवं आरक्षण दिवस पीडीए प्रकाश स्तंभ को गोष्ठी में सपा नेताओं ने केंद्र में प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि दोनों सरकारें संविधान एवं आरक्षण विरोधी हैं। गोष्ठी के मुख्य अतिथि बाराबंकी के सदर विधायक धर्मराज उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें आरक्षण एवं संविधान की विरोधी हैं। इन्होंने दलितों, पिछड़ों, किसानों, अल्पसंख्यकों के हितों पर डाका डालकर इन्हें बेबस लाचार बना दिया है। नौजवान बेरोजगार घूम रहा है क्योंकि सरकारी संस्थान इन सरकारों में निजी क्षेत्रों को बेचें जा रहे हैं ताकि आरक्षण देकर नौकरियां देने से बचा जा सकेपूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने कहा कि आजादी से लेकर अब तक के इतिहास में कभी इतना क्रूर शासक नहीं देखा गया है। मोदी और योगी सरकारों में छात्रों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के महिलाओं के हितों पर लगातार हमले हो रहे हैं। यह वर्ग अपने आपको अब ठगा महसूस करने लगा है। अब समय नजदीक आ गया है। सभी इनके खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करें। तभी इनके शासन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होकर खुशहाल जीवन की राह मिलेगी। सभा की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह से भाजपा को प्रदेश में हाफ किया है। उसी तरह 2027 के चुनाव में इनको प्रदेश से साफ करना है गोष्ठी को प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार, शुभकरण सिंह परिहार, पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव माया बाल्मिकी, रामप्रकाश प्रजापति, चंद्रवती वर्मा, राजबहादुर पाल, नंदकिशोर शिवहरे आदि ने संबोधित किया। सभा में अरुण सिंह यादव, बदलू फौजी, संजय यादव, चंद्रशेखर गुप्ता, अजय पाल साहू, विकास गुप्ता, विवेक यादव, गोपाल बजाज, अंकुर यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव, सोनिया सोनी, सबीना खातून, मुन्नीलाल निषाद, घनश्याम साहू, अवधेश यादव, अजय उर्फ कल्लू यादव, अशोक यादव, ओपी सोनकर, वेदप्रकाश वर्मा, सलीम सिद्दीकी, राजेश श्रीवास, मिथलेश कुशवाहा, रणबहादुर यादव, मानसिंह सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

लाइफ Style

# किआरा

## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम

एजेंसी ⏭ मुंबई

किआरा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की किआरा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो किआरा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने किआरा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ किआरा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं किआरा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि किआरा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में किआरा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक किआरा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।



### हॉलीवुड मसाला



## भारत में ये फिल्म 17 हफ्ते रही हाउसफुल

**नई दिल्ली।** 31 साल पहले जब स्टीवन स्पीलबर्ग की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जुरासिक पार्क' भारत में रिलीज हुई, तो इसने दर्शकों के बीच ऐसा जादू बिखेरा कि सिनेमाघरों में हाउसफुल का रिकॉर्ड टूट गया। साल 1994 में मुंबई के स्टर्लिंग थिएटर में इस फिल्म की रिलीज के दौरान लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जो वीटी स्टेशन तक फैली हुई थीं। यह फिल्म लगातार 17 हफ्तों तक हाउसफुल रही और कुल 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। जुरासिक पार्क की इस शानदार सफलता ने न केवल भारत में हॉलीवुड फिल्मों की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया, बल्कि यह यूनिवर्सल पिक्चर्स की भारत के साथ पहली बड़ी साझेदारी भी थी।



## हैली बीबर को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास

**लॉस एंजिल्स।** देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। हैली बीबर ने बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। सर्विक्स गर्भाशय का निचला हिस्सा होता है, जो योनि से जुड़ता है और डिलीवरी के दौरान बच्चे के बाहर निकलने का रास्ता होता है। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी।



## इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है।



## भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है।

### टीवी मसाला



## टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है।

## टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी।



जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।

## तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम



**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं। लेकिन, जब हमने बजट बनाया वो 50 करोड़ के आस-पास हुआ। एक जेंटलमेन थे, जिन्होंने कहा कि वह 50 प्रतिशत देंगे बजट का जो कि एक बड़ा अमाउंट है। सब तैयारी हो गई और फिर शूट से 1 महीने पहले मुझे बताया गया कि वह फिल्म को फाइनेंस नहीं कर पाएंगे। अचानक फाइनेंसर के पीछे हटने से अनुपम को दूसरे स्वतंत्र फाइनेंसर पर निर्भर होना पड़ा। इसको लेकर अनुपम का कहना है कि मैंने भारत के अलावा यूएस में भी अपने कुछ दोस्तों को कॉल किया। हमारी फिल्म के 10 को-प्रोड्यूसर्स थे। यह एक तरह क्राउड फंडिंग है। मैंने उन्हें फिल्म का सिनोप्सिस भेजा और उनका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं था। वो सभी बिजनेसमैन हैं और सिर्फ बैंक में काम करते हैं या डॉक्टर्स हैं। मैंने उन्हें कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तब मैं पैसे वापस कर दूंगा।

## रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।

**कहानी** : *गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।*



**अभिनय** : सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता। कहानी थोड़ी अलग है। कैमरा वर्क और लोकेशन्स जैसे कि गांव की गलियां, पुरानी हवेलियां और डरावने जंगल वाकई लाजवाब हैं। सीरीज का लुक एंड फील एकदम ग्रिपिंग है।
**कमजोरी** : कहानी में इतने पेंच हैं कि कई बार दिमाग चकरा जाता है। असली विलेन कौन है, ये समझते-समझते काफी वक्त लग जाता है। कुछ एपिसोड थोड़े स्लो लग सकते हैं, खासकर अगर आप बिंज-वॉच के मूड में हो तो धैर्य रखना जरूरी है। क्लाइमैक्स की बात करें तो वो थोड़ा हल्का-सा लगता है, मतलब शुरुआत जितनी डरावनी थी, एंडिंग उतनी दमदार नहीं है।

### कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।

### बजट से सात गुना की थी कमाई

बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।



### सुपरहीट हुए थे गाने

जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।

### फिल्म की कहानी

*कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।*